# एकीकृत चिकित्सा विभाग

**वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल**

**एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के सहयोग से**

## परंपरा और आधुनिक उत्कृष्टता का समन्वय

वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (VMMC) एवं सफदरजंग अस्पताल में स्थापित एकीकृत चिकित्सा विभाग भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य रोगियों को रोगी-केंद्रित, सुरक्षित तथा साक्ष्य-आधारित समग्र स्वास्थ्य सेवाएँउपलब्ध कराना है।

यह विभाग ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद (AIIA)तथा VMMC एवं सफदरजंग अस्पतालके मध्य संपन्न हुए समझौता ज्ञापन (MoU) के अंतर्गत स्थापित किया गया है। यह पहल आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के सह-स्थान (Co-location) तथा सहयोगात्मक अभ्यास (Collaborative Practice)को प्रोत्साहित करती है, जिससे दोनों चिकित्सा प्रणालियों की विशिष्टताओं और सामर्थ्य का समन्वित रूप से उपयोग किया जा सके।

इस पहल का प्रमुख उद्देश्य रोगियों को एक ही परिसर में व्यापक, सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँप्रदान करना है, जिससे उन्हें समग्र उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके।

विभाग ने **8 जुलाई 2022**से अपनी सेवाएँ प्रारंभ कीं। इसके पश्चात **7 फरवरी 2023** को इस विभाग का औपचारिक उद्घाटन निम्नलिखित माननीय गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया—

- **माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्री मनसुख एल. मांडविया**
- **माननीय केंद्रीय आयुष मंत्री, श्री सर्बानंद सोनोवाल**
- **माननीय राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं आयुष), डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई**

यह अभिनव पहल रोगियों को समन्वित उपचार विकल्पप्रदान करती है, जिससे वे अपनी चिकित्सकीय आवश्यकता एवं व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के अनुरूप आयुर्वेद, आधुनिक चिकित्सा अथवा दोनों के समन्वित उपचारका चयन कर सकते हैं। इस प्रकार यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समग्र, प्रभावी और रोगी-हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हमारा दृष्टिकोण

आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की विशिष्टताओं एवं प्रभावशालीता का समन्वित रूप से समावेश करते हुए, एक प्रमुख सरकारी देखभाल संस्थान में सुरक्षित, वैज्ञानिक, साक्ष्य-आधारित तथा पूर्णतः रोगी-केंद्रित समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना हमारा लक्ष्य है।

## हमारी अवसंरचना

### परामर्श कक्ष

समर्पित परामर्श कक्ष में निम्न सुविधाएँ उपलब्ध हैं:

- रोगी का विस्तृत इतिहास लेना
- प्रकृति मूल्यांकन
- व्यक्तिगत उपचार योजना
- गोपनीय एवं केंद्रित चिकित्सक-रोगी संवाद




## 🛌 डे-केयर प्रक्रिया कक्ष

लघु अवधि की चिकित्सीय प्रक्रियाओं हेतु सुसज्जित:

- जलौकावचारण (लीच थेरेपी)
- सिरावेधन (रक्तमोक्षण)
- प्रक्रिया पश्चात निरीक्षण एवं निगरानी





## पंचकर्म चिकित्सा इकाइयाँ (4 समर्पित कक्ष)

चार पूर्णतः क्रियाशील पंचकर्म कक्षों में:

- उच्च स्तर की स्वच्छता
- रोगी की गोपनीयता एवं आराम की सुविधा
- मानकीकृत उपचार प्रोटोकॉल
- प्रशिक्षित पंचकर्म तकनीशियन एवं रेजिडेंट चिकित्सक की देखरेख

## इन-हाउस औषधालय



- GMP प्रमाणित शास्त्रीय एवं पेटेंट आयुर्वेदिक औषधियाँ
- गुणवत्ता सुनिश्चित दवाएँ
- चिकित्सकीय पर्चे अनुसार निःशुल्क वितरण
- मात्रा एवं सेवन संबंधी विस्तृत परामर्श

## कल्पक्षेत्र (प्रिपरेटरी यूनिट)

- उपचार सामग्रियों की तैयारी
- तेल, क्वाथ एवं अन्य द्रव्यों का मानकीकरण
- उपचार सेवाओं का सुव्यवस्थित संचालन

## भंडारण एवं लॉजिस्टिक व्यवस्था

- औषधियों का सुरक्षित भंडारण
- प्रक्रिया सामग्री
- उपकरण एवं उपभोग्य वस्तुएँ
- निर्बाध रोगी सेवा सुनिश्चित

# नैदानिक सेवाएँ

## 1 विशेषज्ञ ओपीडी

AIIA के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक सोमवार से शनिवार (प्रातः 9:00 बजे – सायं 5:00 बजे) चक्रानुक्रम (रोटेशन आधार) पर परामर्श प्रदान करते हैं।

प्रत्येक रोगी के लिए:

- चिकित्सकीय परीक्षण
- प्रकृति मूल्यांकन
- समन्वित उपचार योजना
- आहार एवं जीवनशैली मार्गदर्शन

## 2 पंचकर्म चिकित्सा

सुसज्जित इकाइयों में व्यापक पंचकर्म सेवाएँ:

- अभ्यंग
- स्वेदन
- पोट्टली स्वेद
- जानू बस्ती ,कटी बस्ती
- शिरोधारा
- नस्य
- रक्तमोक्षण
- बस्ती चिकित्सा
- रोग-विशिष्ट प्रक्रियाएँ

प्रशिक्षित तकनीशियन एवं रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में।

## 3 निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि वितरण

रोगियों को:

- GMP प्रमाणित औषधियाँ
- व्यक्तिगत मात्रा निर्देश
- आहार एवं व्यवहार संबंधी परामर्श
- नियमित फॉलो-अप प्रोटोकॉल

## 4 व्यक्तिगत आहार एवं जीवनशैली परामर्श

आहार समन्वित चिकित्सा की आधारशिला है।

आहार परामर्श आधारित है

- प्रकृति
- विकृति
- अग्नि (पाचन शक्ति)
- ऋतु

मार्गदर्शन में शामिल:

- उपयुक्त अनाज, सब्जियाँ, दालें
- सही आहार संयोजन
- मसालों का उपयोग
- दूध एवं दुग्ध उत्पादों की उपयुक्तता
- रोग-विशिष्ट संशोधन

# ओपीडी अनुसूची


| दिन | विभाग | वरिष्ठ परामर्शदाता |
|---|---|---|
| सोमवार | पंचकर्म | डॉ. प्रशांत धर्मराजन |
| मंगलवार | शल्य | डॉ. दीपक एम (1–3 मंगलवार) / डॉ. अवधेश पांडे (2रा मंगलवार) / डॉ. फोरम जोशी (4था मंगलवार) |
| बुधवार | कायचिकित्सा | डॉ. राजा राम महतो |
| गुरुवार | कौमारभृत्य | डॉ. राजगोपाल एस |
| शुक्रवार | पंचकर्म | डॉ. संतोष कुमार भट्टेड |
| शनिवार | कायचिकित्सा | डॉ. रामाकांत यादव / डॉ. अमरीश डी (वैकल्पिक आधार पर) |


### चिकित्सा अधिकारी

- डॉ. शिम्मी
- डॉ. भुवनेश शर्मा

# वार्षिक आँकड़े

| वर्ष | कुल ओपीडी रोगी | कुल पंचकर्म रोगी | कुल पंचकर्म प्रक्रियाएँ |
|---|---|---|---|
| **2022** | 3371 | 1939 | 5552 |
| **2023** | 15391 | 3889 | 10154 |
| **2024** | 20155 | 3383 | 8927 |
| **2025** | 23011 | 3627 | 10839 |
| **Total** | **61928** | **12838** | **35472** |






# शैक्षणिक एवं संस्थागत उपलब्धियाँ

विभाग का उद्घाटन माननीय केंद्रीय आयुष मंत्री, माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ।

विभाग निम्न रूप में भी कार्यरत है:

- क्लिनिकल शिक्षण मंच
- नर्सिंग एवं स्वास्थ्य विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण केंद्र
- एक आदर्श समन्वित स्वास्थ्य मॉडल

# सामुदायिक सहभागिता एवं कार्यक्रम

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह
- राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग कॉलेज के शैक्षणिक भ्रमण
- जन स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम
- समन्वित चिकित्सा कार्यशालाएँ

## VMMC एवं सफदरजंग अस्पताल में समन्वित चिकित्सा क्यों चुनें?

- ✔ भारत सरकार द्वारा समर्थित पहल
- ✔ AIIA के साथ शैक्षनिक सहयोग
- ✔ वरिष्ठ विशेषज्ञ परामर्श
- ✔ निःशुल्क औषधियाँ
- ✔ संरचित पंचकर्म सुविधा
- ✔ व्यक्तिगत आहार एवं जीवनशैली योजना
- ✔ साक्ष्य-आधारित समन्वित दृष्टिकोण

## अपॉइंटमेंट बुक करें

ओपीडी परामर्श एवं उपचार हेतु संपर्क करें:

**एकीकृत चिकित्सा विभाग,** वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल

📞 मोबाइल: **9311391884**

# गैलरी




**एकीकृत चिकित्सा विभाग उद्घाटन**




**राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग कॉलेज के शैक्षणिक भ्रमण**



**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह**